राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं संरक्षण कार्यक्रम

ग्राम पंचायत मढ़ाबंजर, विकासखंड-सिहोरा, जिला-जबलपुर (म.प्र.) के ग्राम मढा (बंजर) में श्रीमती सुंदरबाई मार्को, सरपंच, ग्राम पंचायत - मढ़ाबंजर एवं डॉ. राजीव विष्वकर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष एनजीओ एवं कार्यषाला प्रमुख के माध्यम से राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं ग्रामवासियों को इन योजनाओं से लाभान्वित कराने के लिये दिनांक 17 फरवरी, 2017 को ”राष्ट्रीय ग्रामीण विकास पंचायती राज केन्द्रीय अनुसंधान कार्यषाला गोड़वाना के 52 गढ़ 57 परगना संरक्षण कार्यक्रम“ में संस्थान की भागीदारी हेतु वन विस्तार प्रभाग की डॉ. ममता पुरोहित, वैज्ञानिक-बी ने प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम के व्याख्यान सत्र के दौरान डॉ. ममता पुरोहित ने उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर की गतिविधियों, प्रषिक्षण कार्यक्रमों, कार्यषालाओं, सम्मेलनों, उपलब्धियों आदि से ग्रामवासियों को परिचित करवाया। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास हेतु संस्थान द्वारा विकसित कृषि वानिकी प्रारूपों, लाख उत्पादन, औषधीय पौधों की खेती, गोंद एवं छाल आदि का विनाष विहिन विदोहन, घास/खरपतवार/स्टार्च से कागज बनाना, केंचुआ खाद का निर्माण एवं प्रयोग, जैव उवर्रकों का प्रयोग, ऊतक संवर्धन द्वारा तैयार बांस प्रजातियों एवं औषधीय पौधों का रोपण, ट्राइको कार्ड, पड़ती/बंजर/पानी भराव वाली जगह आदि में पुनः हरियाली लाना तथा रोपणी निर्माण एवं पौध

उत्पादन की जानकारी दी। श्री गनेश पवार, तकनीकी सहायक, लघु वन उपज प्रभाग ने इस कार्यक्रम में भी अपना सहयोग दिया ।